S-56

# केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

## श्री सदाशिव परिसर, पुरी

सूचना संख्या- 245 दिनांक–22.09.2026

### :- "स्वच्छता ही सेवा अभियान-2026" :-

परिसर के सभी छात्र-छात्राओं, अध्यापकों एवं कर्मचारियों को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय, उच्चतर शिक्षा विभाग के पत्रांक DO No. 29-23/2026-S&S, दिनांक-14.09.2026 के अनुपालन में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, श्री सदाशिव परिसर में दिनांक 17.09.2026 से 17.10.2026 तक **"स्वच्छता ही सेवा अभियान-2026"** कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उक्त अभियान के अन्तर्गत परिसर को स्वच्छ बनाए रखने तथा स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता उत्पन्न करने हेतु निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाना है।

इसी क्रम में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, श्री सदाशिव परिसर, पुरी में दिनांक 23.09.2026 को अपराह्न 04 बजे से परिसर में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत **परिसर के विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान, परिसर की साफ-सफाई, स्वच्छता के प्रति जागरूकता तथा स्वच्छ एवं सुंदर परिसर के निर्माण हेतु** सामूहिक सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। अतः आप सभी उक्त कार्यक्रम में निर्धारित समय पर उपस्थित होकर उत्साहपूर्वक एवं सक्रिय रूप से सहभागिता करें। कार्यक्रम के सफल संचालन एवं आवश्यक समन्वय की जिम्मेदारी डॉ. ओम नारायण मिश्रा, डॉ. प्रेम प्रकाश पाण्डेय एवं परिसर के NSS में पञ्जीकृत विद्यार्थियों की होगी।

सभी के सामूहिक सहयोग एवं सक्रिय सहभागिता से इस अभियान को सफल बनाते हुए समस्त परिसर परिवार **स्वच्छ, सुंदर एवं स्वच्छतामय परिसर के निर्माण में** अपना अमूल्य योगदान प्रदान करें।

**प्रतिलिपि सूचनार्थ प्रेषित:**

1. परिसरीय समस्त छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों को सहभागिता हेतु।
2. डॉ. ओम नारायण मिश्रा, के. सं. वि., श्री सदाशिव परिसर, पुरी (कार्यक्रम के सफल सञ्चालनार्थ)।
3. डॉ. प्रेम प्रकाश पाण्डेय, के. सं. वि., श्री सदाशिव परिसर, पुरी (कार्यक्रम के सफल सञ्चालनार्थ) ।
4. आई. क्यू. ए. सी. समन्वयक, के. सं. वि., श्री सदाशिव परिसर, पुरी।
5. डॉ. विश्वनाथ मिश्रा PRO, के. सं. वि., श्री सदाशिव परिसर, पुरी।
6. वार्डन एवं उप-वार्डन, बालक एवं बालिका छात्रावास, के. सं. वि., श्री सदाशिव परिसर, पुरी।
7. अनुभाग अधिकारी, के. सं. वि., श्री सदाशिव परिसर, पुरी।
8. श्री दिलीप पंडा, तकनीकी सहायक, के. सं. वि., श्री सदाशिव परिसर, पुरी — वेबसाइट पर अपलोड हेतु।
9. समस्त नोटिस बोर्ड, के. सं. वि., श्री सदाशिव परिसर, पुरी।
10. सम्बद्ध सञ्चिका।

22/09/2026

(प्रो. [illegible] कुमार)
निदेशक / Director I/c
केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Central Sanskrit University
श्री सदाशिव परिसर, पुरी (ओडिशा)
Shri Sadashiv Campus, Puri (Odisha)

CamScanner